स्माइल योजना

प्रलिमि्स के लयि:

केंद्रीय क्षेत्रक योजना, राष्ट्रीय सामाजकि रक्षा संस्थान, राष्ट्रीय पछिड़ा वर्ग वत्ति एवं वकिास नगिम

मेन्स के लयि:

भखिारयिों के लयि स्माइल योजना और उनकी आजीवकिा बढ़ाने में इसका महत्त्व

चर्चा में क्यों?

हाल ही में सामाजकि न्याय और अधकिारिता मंत्रालय द्वारा लोकसभा में एक प्रश्न का लखिति उत्तर देते हुए यह सूचति कयिा कि मंत्रालय द्वारा "स्माइल-आजीवकिा और उद्यम के लयि सीमांत व्यक्तयिों हेतु समर्थन" (Support for Marginalized Individuals for Livelihood and Enterprise-SMILE) नामक योजना तैयार की गई है।

- इसमें केंद्रीय क्षेत्रक की 'भखिारयिों के व्यापक पुनर्वास के लयि योजना' नामक एक उपयोजना भी शामलि है।
- वर्तमान में यह पायलट प्रोजेक्ट 7 शहरों दल्लिी, बैंगलोर, हैदराबाद, इंदौर, लखनऊ, नागपुर और पटना में चल रहा है।

प्रमुख बदिु

- ### स्माइल योजना के बारे में:
  - भखिारयिों और ट्रांसजेंडरों के लयि मौजूदा योजनाओं के वलिय के बाद यह एक नई योजना है।
  - यह योजना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों और शहरी स्थानीय नकिायों के पास उपलब्ध मौजूदा आश्रय गृहों के उपयोग के लयि भक्षिावृत्त में लगे व्यक्तयिों के लयि पुनर्वास सुनश्चिति करती है।
    - मौजूदा आश्रय गृहों की अनुपलब्धता के मामले में कार्यान्वयन एजेंसयिों द्वारा नए समर्पति आश्रय गृह स्थापति कयि जाएँगे।

- ### मुख्य केंद्र:
  - इस योजना के केंद्र में बड़े पैमाने पर पुनर्वास, चकित्सिा सुवधिाओं का प्रावधान, परामर्श, बुनयिादी दस्तावेज़, शक्षिा, कौशल वकिास आदि हैं।
  - अनुमान है कि इस योजना के तहत लगभग 60,000 सबसे गरीब व्यक्तयिों को गरमिापूर्ण जीवन जीने के लयि लाभान्वति कयिा जाएगा।

- ### क्रयिान्वयन:
  - इसे राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों/स्थानीय शहरी नकिायों, स्वैच्छकि संगठनों, समुदाय आधारति संगठनों (CBOs), संस्थानों और अन्य के सहयोग से लागू कयिा जाएगा।

- ### भखिारयिों के व्यापक पुनर्वास के लयि योजना:
  - यह भक्षिावृत्त में संग्लन व्यक्तयिों के जीवनस्तर में सुधार के लयि एक व्यापक योजना होगी।
  - इस योजना को चुनदिा शहरों में पायलट आधार पर लागू कयिा गया है जहाँ भखिारयिों की संख्या अधकि है।
  - वर्ष 2019-20 के दौरान मंत्रालय ने भखिारयिों के कौशल वकिास कार्यक्रमों हेतु राष्ट्रीय सामाजकि रक्षा संस्थान (NISD) को 1 करोड़

रुपए और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (NBCFDC) को 70 लाख रुपए की राशि जारी की गई।

- ## भारत में भिक्षावृत्ति की स्थिति:
  - वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में भिखारियों की कुल संख्या 4,13,670 (2,21,673 पुरुष और 1,91,997 महिलाएँ) है और पिछली जनगणना के बाद से इस संख्या में वृद्धि हुई है।
  - पश्चिम बंगाल इस सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद क्रमश: दूसरे और तीसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश और बिहार का स्थान आता है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, लक्षद्वीप में भिखारियों की संख्या केवल दो है।
  - केंद्रशासित प्रदेशों में नई दिल्ली में सबसे अधिक 2,187 भिखारी थे, उसके बाद चंडीगढ़ में इनकी संख्या 121 थी।
  - पूर्वोत्तर राज्यों में असम 22,116 भिखारियों के साथ सूची में सबसे ऊपर है, जबकि मिज़ोरम 53 भिखारियों के साथ निचले स्थान पर है।
  - हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय भिक्षावृत्ति रोकथाम अधिनियम के तहत विभिन्न राज्यों में **भिक्षावृत्ति को अपराध की श्रेणी** से हटाने के लिये एक याचिका पर विचार करने हेतु सहमत हुआ है।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (NBCFDC)

- NBCFDC सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तत्त्वावधान में भारत सरकार का उपक्रम है।
- इसे कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के तहत 13 जनवरी, 1992 को एक गैर-लाभकारी कंपनी के रूप में स्थापित किया गया था।
- इसका उद्देश्य पिछड़े वर्गों को लाभ पहुँचाने हेतु आर्थिक एवं विकासात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना तथा कौशल विकास व स्वरोज़गार उपक्रमों में इन वर्गों के गरीबों की सहायता करना है।

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (NISD)

- NISD एक स्वायत्त निकाय है और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR), दिल्ली सरकार के साथ 1860 के सोसायटी अधिनियम XXI के तहत पंजीकृत है।
- यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय का एक केंद्रीय सलाहकार निकाय है।
- यह सामाजिक रक्षा के क्षेत्र में नोडल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान है।
- संस्थान वर्तमान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, भिक्षावृत्ति रोकथाम, ट्रांसजेंडर और अन्य सामाजिक रक्षा संबंधी मुद्दों के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास पर केंद्रित है।
- संस्थान का अधिदेश प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रलेखन के माध्यम से भारत सरकार के सामाजिक रक्षा कार्यक्रमों हेतु जानकारी प्रदान करना है।

स्रोत- पी.आई.बी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smile-scheme-1